# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/डी0आर0/9875
दिनांक : 15.10.2025

## विज्ञप्ति

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत् समस्त परम्परागत एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों (मेडिकल एवं इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों को छोड़कर) छात्रों के सत्र दिसम्बर 2025 विषम सेमेस्टर मुख्य परीक्षा फार्म (शैक्षिक सत्र 2025–26 में नवीन प्रवेश वाले छात्रों को छोड़कर) तथा समस्त छात्रों के सेमेस्टर बैक एवं बैक पेपर परीक्षा फार्म निम्नलिखित तिथियों में केवल ऑनलाईन माध्यम से भरवाये जायेगे।

- ऑनलाईन पोर्टल पर परीक्षा फार्म उपलब्ध होने की तिथि : दिनांक 17.10.2025
- ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि : दिनांक 08.11.2025
- रूपये 250/– प्रति परीक्षा फार्म विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा फार्म भरे जाने की अन्तिम तिथि : दिनांक 12-11-2025
- विभागों/महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा फार्म सत्यापित करने की अन्तिम तिथि : दिनांक 13.11.2025
- सत्यापित परीक्षा फार्म की एन0आर0 विश्वविद्यालय के सम्बन्धित
- विभागों में जमा करने की अन्तिम तिथि : दिनांक 14.11.2025

**अन्य महत्वपूर्ण तिथियाँ**

- आंतरिक अंक विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड करने की अन्तिम तिथि : दिनांक 15-11-2025
- प्रयोगात्मक परीक्षायें आयोजित कराये जाने की तिथि : दिनांक 16-11-2025 से 25-11-2025 तक
- प्रवेश पत्र निर्गत होने की तिथि : दिनांक 15-11-2025

**ऐसे छात्र जिनके आंतरिक अंक विश्वविद्यालय पोर्टल पर दिनांक 15.11.2025 तक प्राप्त नहीं होगे, के परीक्षा प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किये जायेगे।**

**महत्त्वपूर्ण निर्देश :**

1. शैक्षिक सत्र 2025–26 में प्रवेश लेने वाले समस्त पाठ्यक्रमों के छात्रों के प्रथम सेमेस्टर परीक्षा फार्म भरने हेतु अलग से विज्ञप्ति निर्गत की जायेगी।
2. केवल सेमेस्टर बैक एवं बैक पेपर परीक्षा फार्म भरने वाले छात्रों के सत्यापित परीक्षा फार्म समस्त सम्बन्धित दस्तावेज संलग्न करते हुए एन0आर0 के साथ परीक्षा विभाग में जमा किये जायेगे। तृतीय, पंचम, सप्तम एवं नवम सेमेस्टर के मुख्य परीक्षा फार्म की प्रिन्टेड कापी विश्वविद्यालय को प्रेषित करने की आवश्यकता नहीं है। केवल एन0आर0 की प्रिन्टेड कापी जिस पर प्राचार्य के हस्ताक्षर हो, विश्वविद्यालय को प्रेषित की जायें।
3. परीक्षा फार्म भरने हेतु वेब लिंक विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** पर उपलब्ध है।
4. परीक्षा फार्म भरने से पूर्व सम्बन्धित पाठ्यक्रमों की विषय कोड पुस्तिका एवं विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर निर्गत नियमों/अध्यादेशों का गहनता से अध्ययन करना सुनिश्चित करें।
5. स्नातक एन0ई0पी0 के पंचम सेमेस्टर के साथ प्रथम सेमेस्टर के मेजर विषयों के परीक्षा फार्म भरना अनुमत नहीं होगा।
6. दो पूर्ण सेमेस्टरों के परीक्षा फार्म एक साथ भरना अनुमत नहीं होगा।
7. समस्त छात्र/छात्राएं केवल विभाग/महाविद्यालय द्वारा आवंटित/अध्ययनरत विषयों में ही परीक्षा फार्म भरा जाना सुनिश्चित करें।
8. परीक्षा फार्म सम्बन्धी किसी भी सहायता हेतु विश्वविद्यालय अधिकृत एजेंसी के मोबाईल नं0 **9259089985, 9258933900, 8077113737** तथा ई–मेल आई0डी0 **helpdeskccsuweb@gmail.com** पर सम्पर्क करें।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमश ....2

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित** :–

01. प्राचार्य/प्राचार्या/विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान/विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ एवं चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को इस आषय के साथ प्रेषित कि अपने स्तर पर भी व्यापक रूप से समस्त सम्बन्धित छात्र/छात्रों को अवगत कराना सुनिश्चित करें।
02. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
03. वयैक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को, वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
04. वयैक्तिक सहायक, कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
05. लेखाधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
06. उप कुलसचिव/प्रभारी (परीक्षा/गोपनीय)।
07. प्रभारी–कमैटी सेल/अति गोपनीय विभाग।
08. प्रभारी–कम्प्यूटर केन्द्र/विश्वविद्यालय वेबसाईट।
09. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
10. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी को इस आशय के साथ प्रेषित कि समस्त नियमों/अर्हता के अनुरूप ही उपर्युक्त सन्दर्भित समस्त परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म भरवाया जाना सुनिश्चित करें।
11. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्रों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त महत्त्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्रों के **सभी संस्करणों में विषेष स्थान देते हुए**, छात्रहित में, निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
12. विश्वविद्यालय पूछताछ–केन्द्र/सूचना पट।

परीक्षा नियंत्रक